

SHRI NAGINDAS SANGHAVI

Shri Nagindas Sanghavi is a renowned retired professor, author and columnist writing in English, Hindi and Gujarati languages. He is known as one of the fearless journalists. He is also a historian and Gandhian Scholar.

2. Born on March 10, 1920 in Maharashtra, Shri Sanghavi got his Master's degree from University of Mumbai in 1947 and arrived in Mumbai in search of employment. After empowering himself with education, he taught political science at Bhavans College, Andheri and in two more renowned colleges in Mumbai for thirty years [1950-81]. After his retirement, he kept up writing in various Journals including Economic and Political Weekly, Freedom First etc.

3. Shri Sanghavi has been writing regularly in several newspapers and magazines in Gujarat. He has put in thousands of hours in writing and travelling across the land of Gujarat, collecting and collating stories for the benefit of ordinary people. He concentrated on Gujarat and wrote 'Gujarat a Political Analysis'. He has been an eye witness to all types of national events, political formations and re-formations. He has also written several books which have been among the best-sellers including Gujarat At Cross-Roads; A Brief History of Yoga; Mahamanav Shrikrushna; Narendra Modi; Geeta Vimarsh; Sardar Patel - Ek Samarpit Jivan etc.

4. Shri Sanghavi has extensively researched on Gandhi's South Africa Days. His work 'Agony of Arrival-Gandhi in South Africa' has been acclaimed as a work of considerable research. He has beautifully captured the captivating assessment of Gandhi. He is the principal author of the Swaraj Darshan, a review of post Independence India, which was on the reference list for post graduate students in the Universities of Gujarat. He has written several pamphlets on the Constitution of India and Indian politics.

5. Shri Sanghavi has been visiting every year visits Madison, Wisconsin to talk about the philosophy of Yoga and allied subjects to the Teachers Training Program class of Alignment Yoga under the guidance of Scott Anderson.

6. Shri Sanghavi has received various awards and honours including Best Column Writer Gujarat State Award; Best Book Gujarat Sahitya Academy Award and the Best commentator Award on Political issues by Gujarat Government (1996).

पद्म श्री

श्री नागिनदास सांघवी



श्री नागिनदास सांघवी अंग्रेजी, हिन्दी और गुजराती भाषा के एक प्रख्यात् राजनीतिक प्रोफेसर, लेखक और स्तम्भकार हैं। आप निर्भीक पत्रकारों में एक जाने-माने व्यक्तित्व हैं। आप एक इतिहासकार और गांधी विचारधारा के विद्वान हैं।

2. आपका जन्म वर्ष 1920 मे महाराष्ट्र में हुआ था। आपने अपनी मास्टर की डिग्री बम्बई विश्व विद्यालय से 1947 में ली और रोजगार की तलाश में मुम्बई पंहुचे। शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं को समर्थ बनाने के पश्चात्, आपने भावन्स कॉलेज, अंधेरी और मुम्बई के ही दो और मशहूर कॉलेजों में 30 वर्ष तक (1950-81) राजनीति शास्त्र पढ़ाया। वहां से सेवानिवृत्त होने के पश्चात्, अर्थिक और राजनीतिक साप्ताहिक, फ्रीडम फर्स्ट आदि सहित विभिन्न पत्रिकाओं में लेख लिखना शुरू किया।

3. श्री सांघवी गुजरात में अनेक समाचार-पत्रों और मैगजीनों में नियमित रूप से लेख लिखते रहे हैं। आपने लेखन कार्य में और गुजरात की सम्पूर्ण सरजमीं पर यात्रा करने, जन सामान्य की भलाई के लिए कहानिया एकत्र करने और उनका क्रमबद्ध रूप से मिलान करने में हजारों घण्टे लगाए। इस प्रकार आपने गुजरात पर अपना ध्यान केन्द्रित किया और "गुजरात ए पॉलिटिकल एनालिसिस" लेख लिखा। आप राष्ट्रीय घटनाओं, राजनीतिक संघटनों और पुनर्संघटनों के प्रत्यक्ष गवाह रहें हैं। आपने अनेक पुस्तकें भी लिखी हैं जो सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तकों में से हैं। इनमें "गुजरात ऐट क्रास रोड", "ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ योगा"; "महामानव श्री कृष्ण"; "नरेन्द्र मोदी"; "गीत विमर्श"; सरदार पटेल-एक समर्पित जीवन आदि प्रमुख हैं।

4. आपने गांधी जी की दक्षिण अफ्रीका यात्रा के दिनों पर व्यापक रूप से शोध किया। आपकी कृति "एगोनी ऑफ अराइवल-गांधी इन साउथ अफ्रीका" की सराहना एक विचारणीय शोध कार्य के रुप में की गई। आपने गांधी जी का मूल्यांकन बहुत बेहतरीन और दिलकश तरीके से किया है। आप स्वराज दर्शन के प्रधान लेखक हैं जो स्वतंत्र्योत्तर भारत की एक समीक्षात्मक कृति है और गुजरात विश्व विद्यालय के परास्नातक छात्रों के लिए संदर्भ सूची के रूप में मान्य है। आपने भारत के संविधान और भारत की राजनीति पर अनेक प्रचार- पुस्तिकांए (पैम्फलेट्स) भी लिखे हैं।

5. आप प्रतिवर्ष मैडिसन, विसकोन्सिन के दौरे पर जाते रहते हैं जहां आप स्कॉट एन्डरसन के मार्गदर्शन में चल रहे "टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम क्लास ऑफ एलाइनमेन्ट योगा" में योगदर्शन और संबंधित विषयों के बारे में उनसे विचार विमर्श करते हैं। आपको वर्ष 1996 में गुजरात सरकार द्वारा राजनीतिक मुद्दों पर उत्कृष्ट कोटि के समालोचक के खिताब से सम्मानित किया गया है।